C 81749 (Pages : 3) Name..................................

Reg. No..................................

SECOND SEMESTER (CUCBCSS—UG) DEGREE EXAMINATION APRIL 2020

Hindi

A 09 (03)—POETRY AND SHORT STORIES

(2016 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए : (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं ।) :

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'टूटा पहिया' का कवि कौन है ?

(नरेश मेहता, धर्मवीर भारती, दिनकर, जयशंकर प्रसाद)

2 'वापसी' कहानी का रचनाकार कौन है ?

(यशपाल, उषा प्रियंवदा, मन्नू भंडारी, चित्रा मुद्‌गल)

3 'सूरदास के गुरू कौन थे ?

(निम्बार्क, शंकराचार्य, वल्लभाचार्य, रामानुजाचार्य)

4 कबीर के विचार में बिना साबुन के हमारे स्वभाव को कौन निर्मल बनाता है ?

(मित्र, शत्रु, निंदक, भगवान)

5 इनमें छायावाद के शीर्षस्थ कवि कौन है ?

(कीर्ति चौधरी, निराला, अशोक वाजपेयी, अरूण कमल)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6 'वक्त' कविता का कवि कौन है ?

7 कबीर की रचनाओं का संकलन कौन-सा है ?

Turn over

8 'वसीयत' कविता का कवि कौन है ?

9 घीसू और माधव किस कहानी का पात्र है ?

10 'चीफ़ की दावत' किसकी लिखी कहानी है ?

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

11 ईश्वर के वासस्थान के संबंध में कबीर का विचार क्या है ?

12 'बहिरौ सुनै, गूँग पुनि बौलै, रंक चलै सिर छत्र धराइ' । इस पंक्ति का भाव क्या है ?

13 'ध्यान रहे सविशेष
एक बूंद भी इससे
तेल न गिर पाए'—ये पंक्तियाँ किस कविता की है ? यह प्रसंग कौन किससे कहता है ?

14 ग्राम वधु का रोना सुनकर यात्रियों को कौन-सी शंका होती है ?

15 वसीयत का कवि अपनी आँख किसको देना चाहता है ? क्यों ?

16 निंदकों को पास रखने से क्या लाभ होता है ?

17 'सबकुछ आ जाएगा । भगवान दें तो ! जो लोग अभी एक पैसा नहीं दे रहे हैं, वे ही कल बुलाकर रूपए देंगे' ।—ये पंक्तियाँ किस कहानी की है ? ये वाक्य कौन किससे कहता है ?

18 बसन्ती का गजाधर बाबू से नाराज़ होने का क्या कारण है ?

19 चौधरी पीरबख्श किस कहानी का पात्र है ? वह क्या काम करता था ?

20 शामनाथ फुलकारी बनाने के लिए माँ पर क्यों दबाव डालता है ?

21 'बोलना गुनाह
खांसना गुनाह
आंगन में औरतों का हँसना गुनाफ'—ये पंक्तियाँ किस कविता की हैं ? इसका कवि कौन हैं ?

22 'माँ, आज तुम खाना जल्दी खा लेना । मेहमान लोग साढे सात बजे आ जाएंगे' । यह प्रसंग किस कहानी का है ? ये वाक्य कौन कहता है ?

(10 × 2 = 20 marks)

III. किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर (150 शब्दों में) लिखिए :

23 बालक कृष्ण अपनी माँ यशोदा से अपनी चोटी को लेकर कौन-सी आशंकाएँ प्रकट करता है ?

24 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

दुख में सुमिरन सब करै, सुख में करै न कोय ।
जो सुख में सुमिरन करै, तो दुख काहे होय ।।

25 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

कितने इसके तारे टूटे
कितने इसके प्यारे छूटे
जो छूट गए फिर कहाँ मिले
पर बोले टूटे तारों पर
कब अंबर शोक मनाता है ।

26 'पर्दा' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए ।

27 'चीफ़ की दावत' के शामनाथ का चरित्र चित्रण कीजिए ।

28 'वक्त' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए ।

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29 'ग्राम वधू' कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

30 'कफन' कहानी का सारांश लिखकर उसमें चित्रित समस्याओं पर विचार कीजिए ।

31 'प्रियतम' कविता की समीक्षा कीजिए ।

(2 × 15 = 30 marks)